संख्या एचसी-22/1/2022-हिन्दी कक्ष

राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान

बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनीरका, नई दिल्ली-110067

दिनांक: 22.12.2025

परिपत्र

विषय: संस्थान में ऑन लाइन माध्यम से पूर्ण दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन।

संस्थान में राजभाषा नीति के प्रगामी प्रयोग को गति प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान में दिनांक **23 दिसंबर, 2025** को प्रातः 10:45 बजे से ऑन लाइन माध्यम से एक पूर्ण दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला का उद्घाटन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान द्वारा किया जाएगा। उक्त कार्यशाला में प्रशिक्षक वक्ता के रूप में प्रोफेसर अवनिजेश अवस्थी, पीजीडीएवी महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली एवं डॉ मदालसा मणि, राजभाषा अनुभाग, अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली का मार्गदर्शन हमें प्राप्त होगा। निश्चय ही उनके द्वारा दिया गया प्रशिक्षण संस्थान के सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा।

अतः संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष/अनुभाग अधिकारी/प्रभारी एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपर्युक्त कार्यशाला में अनिवार्य रूप से भाग लें। संबंधित लिंक एवं कार्यक्रम विवरण हिंदी कक्ष द्वारा भेज दिया जाएगा।

राजेश कुमार

(प्रो. राजेश कुमार)
उप निदेशक (प्रशासन)

प्रति प्रेषित:

1. संस्थान के सभी विभाग/ अनुभाग-सभी विभागाध्यक्ष/अनुभाग अधिकारी/प्रभारी –अपने अधीन कार्यरत सभी स्टाफ सदस्यों की जानकारी में लाने का कष्ट करें।
2. निदेशक के वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक।
3. अधिष्ठाता (डीन) के वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक।
4.. उप निदेशक प्रशासन के वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक।
5.. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य।
6. कंप्यूटर कक्ष- संस्थान की वेबसाइट में अपलोड हेतु।